# BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA

## CLASS - IV

## HINDI ASSIGNMENT (ANSWER KEY)

**I निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-**

**रात होने पर दोनों बैलों ने वहाँ से भागने की ठान ली। उन्होंने एड़ी-चोटी का जोर लगाकर रस्सियाँ तोड़ डालीं और भाग निकले। पौ फटते ही वे अपने मालिक के घर में थे। झूरी ने जब उन्हें थान पर खड़े देखा तो सब कुछ समझ गया। वह प्यार से बैलों के शरीर को सहलाने लगा परंतु झूरी की पत्नी उन्हें देखकर जल-भुन गई। उसने उनके सामने रूखा-सूखा भूसा डाल दिया परंतु वे खुश होकर उसे ही खाने लगे।**

प्र०1-दोनों बैलों ने कहाँ से भागने की ठानी?

उ०- दोनों बैलों ने गया प्रसाद के घर से भागने की ठानी।

प्र०2-बैलों को देखकर झूरी की पत्नी ने क्या किया?

उ०- झूरी की पत्नी जल-भुन गई और उसने बैलों के आगे रूखा-सूखा भूसा डाल दिया।

प्र०3-समानार्थक शब्द लिखिए-

क) काया- शरीर ख) प्रसन्न-खुश

प्र०4-गद्यांश में से अनुनासिक वाले दो शब्द लिखिए-

उ०- वहाँ , रस्सियाँ

प्र०5-वर्ण विच्छेद करें- मालिक

म्+आ+ल्+इ+क्+अ

**II शब्दों को सही क्रम में लगाकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए-**

1.करवाते हैं वचन हमें ज्ञान का संख्या

वचन हमें संख्या का ज्ञान करवाते हैं।

2.पाकर हुई मैं बहुत उपहार खुश

मैं उपहार पाकर बहुत खुश हुई।

**III वाक्यों के लिए उचित मुहावरे चुनें-**

1.आइसक्रीम को देखते ही मेरे मुँह में पानी आ गया।

2. आजकल की इमारतें तो आकाश से बातें करती हैं।

**IV सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो-**

1 मैं काम कर रहा हूँ।

2.सुलेखा, तुम कहाँ जा रही हो?

3.मौसी जी मुझे बहुत प्यार करती हैं।

**V वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें-**

1.मीठा बोलने वाले मृदुभाषी होते हैं।

2.बाल पत्रिका हर सप्ताह आती है। वह साप्ताहिक पत्रिका है।

3.जो सबका भला चाहता हो। उसे परोपकारी कहते हैं।

**VI निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें-**

क) कोयल- कोकिला ,पिक,श्यामा

ख) सवेरा- सुबह, प्रभात, प्रातः

**VII निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए —**

सीमा और रिया पार्क में खेल रही थीं। सीमा ने गेंद रिया की ओर फेंकी। रिया ने उसे पकड़ लिया और मुस्कुरा दी। फिर वे दोनों झूले पर बैठ गईं।"

प्र०1-इन पंक्तियों में किन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया गया है?

उ०-'उसे' और 'वे' –ये सर्वनाम हैं।

प्र०2-'उसे' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

उ०- ‘उसे’ शब्द ‘गेंद’ के लिए प्रयुक्त हुआ है।

**VIII निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनें-**

1) भाषा में थोड़ी देर के लिए रुकने के लिए कौन-सा चिह्न लगाया जाता है?

क) पूर्ण विराम चिह्न    ख) योजक चिह्न    ग) अल्पविराम चिह्न(✓)

2) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

क) पर्यायवाची शब्द    ख) सर्वनाम(✓)    ग) विशेषण

3) बोलने वाला................. कहलाता है।

क) दर्शक    ख) श्रोता    ग) वक्ता(✓)

4) शब्दों को एक निश्चित क्रम में लिखने से क्या बन जाते हैं?

क) शब्द    ख) वाक्य(✓)    ग) वर्ण

5) मुहावरे वाक्य में ........................अर्थ देते हैं।

क) सामान्य    ख) समानार्थक    ग) विशेष(✓)